www.facebook.com/kheldhaba www.youtube.com/kheldhaba www.twitter.com/kheldhaba www.kheldhaba.com

# खेल ढाबा

पटना, शुक्रवार, 01 सितम्बर, 2023, ई-पेपर

RNI NUMBER APPLIED







जॉन इस्नर का यूएस ओपन में सफर खत्म, टेनिस कैरियर पर भी ब्रेक पेज 03

कनाडा की डेनियेले पुरुष से बनीं महिला, अब खेलेगी इंटरनेशनल क्रिकेट पेज 02

ईशान के बल्लेबाजी क्रम को लेकर असमंजस बरकरार पेज 02

पाकिस्तानी गेंदबाजों का सामना करने के लिए आपको करना होता है श्रेष्ठ प्रदर्शन पेज 02

## पीएम मोदी से मिले भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद





**नईदिल्ली, 31 अगस्त**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिडे शतरंज विश्व कप 2023 में उपविजेता रहे भारत के युवा ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानंद से गुरुवार को अपने आवास पर मुलाकात की।

प्रज्ञानंद ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर मोदी के साथ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, ''माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मिलना एक बड़े सम्मान की बात थी!

मुझे और मेरे माता-पिता को प्रोत्साहन देने वाले सभी शब्दों के लिये धन्यवाद सर।''

उल्लेखनीय है कि तमिल नाडु के 18 वर्षीय प्रज्ञानंद फिडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं, हालांकि खिताबी मुकाबले में उन्हें नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। श्री मोदी ने प्रज्ञानंद के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, ''आज सात, लोक कल्याण मार्ग पर बेहद ही खास मेहमान आये। आपसे और आपके परिवार से मिलकर खुशी हुई, प्रज्ञानंद। आप जुनून और दृढ़ता का चरितार्थ हैं। आप इस चीज़ की मिसाल हैं कि भारत का युवा हर मैदान फतह कर सकता है। आप पर गर्व है!'' प्रज्ञानंद न सिर्फ विश्वनाथन आनंद के बाद विश्व कप फाइनल तक पहुंचने वाले दूसरे भारतीय हैं, बल्कि उन्होंने फिडे के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिये भी क्वालीफाई किया। वह बॉबी फिशर और कार्लसन के बाद कैंडिडेट्स में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं और यह आयोजन जीतकर शतरंज की विश्व चैंपियनशिप में भी जगह बना सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एशिया कप क्रिकेटः श्रीलंका ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया



मथीसा पथिराना की धारदार गेंदबाजी के बाद चरित असलंका और सदीरा समरविक्रम के अर्धशतक और दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी से श्रीलंका ने एशिया कप एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप बी मैच में गुरुवार को बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। श्रीलंका की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह लगातार 11वीं जीत है। बांग्लादेश के 165 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने 11 ओवर शेष रहते पांच विकेट पर 165 रन बनाकर जीत दर्ज की। विशेष पेज-4 पर

### जेएससीए के पूर्व अधिकारियों को मिली कोर्ट से राहत

**जमशेदपुर।** 196.23 करोड़ रुपए के दुरुपयोग से जुड़े मा मले में जमशेदपुर की एक अदालत ने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव राजेश वर्मा बॉबी, पूर्व कोषाध्यक्ष गोबिन्दो मुखर्जी और आजीवन सदस्य रणजीत सिंह को जमानत दे दी है। तीनों आरोपियों ने गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर किया और जमानत मांगी, कोर्ट ने जमानत दे दी। पिछले दो माह से लगातार परेशानियां झेलने के बा द इस निर्णय से सभी आरोपियों को राहत मिली है।

# भारत ने जापान पर की गोलों की बरसात

### दागे कुल 35 गोल, एशियाई पुरुष हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम



**सलालाह (ओमान), 31 अगस्त**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई पुरुष हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में गुरुवार को गोल की बरसात करते हुए जापान को 35-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस अविस्मरणीय मैच में मनिंदर सिंह ने सर्वाधिक 10 गोल किये, जबकि मोहम्मद रहील ने सात गोल जमाये। पवन राजभर और गुरजोत सिंह ने पांच-पांच, सुखविंदर ने चार, मंदीप मोर ने तीन और जुगराज सिंह ने एक गोल किया। मसाताका कोबोरी (29वां मिनट) ने मुकाबला खत्म होने से पहले जापान का एकमात्र गोल किया, लेकिन यह विशाल हार के अंतर को न के बराबर ही कम कर सका। भारत पांच मैचों में चार जीत के साथ 12 अंक अर्जित करते हुए क्वालीफायर के एलीट ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा, जबकि पाकिस्तान (13 अंक) ने शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। इससे पूर्व, भारत ने दिन के अपने पहले मुकाबले में मलेशिया को 7-5 से मात दी। भारत के लिये गुरजोत ने पांच गोल किये, जबकि रहील और मनिंदर ने एक-एक गोल किया। मलेशिया के गोल आरिफ इशाक, अबू इस्माइल, मोहम्मद दिन, कमरुद्दीन कमरुलज़मान और मैट स्यारमन ने दागे।




## हांग्झोउ जाने से पहले भारतीय हॉकी टीम का विदाई समारोह

**बेंगलुरु , 31 अगस्त**

हॉकी इंडिया ने एशियाई खेलों में भाग लेने के लिये हांग्झोउ जाने वाली भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों के लिये गुरुवार को यहां विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

भारतीय टीमें 19 सितंबर को हांग्झोउ के लिये रवाना होंगी और उससे पहले यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केन्द्र में प्रशिक्षण लेंगी। हॉकी इंडिया ने इस समारोह में खिलाड़ियों के परिजनों को बुलाकर टीम के साथ-साथ उन्हें भी सम्मानित किया। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और ओडिशा के खेल और युवा सेवाएं मंत्री तुषारकांती बेहरा भी उपस्थित रहे।

टीमों को विदा करने के लिये ओडिशा से बेंगलुरु पहुंचे श्री बेहरा ने कहा कि मैं यहां टीम को विदा करने के लिये आकर बहुत खुश हूं। पुरुष और महिला दोनों टीमों की हालिया सफलता को करीब से देखने के बाद मुझे पूरा विश्वास है कि वे शीर्ष सम्मान लेकर लौटेंगे। मैं उनके लिये सर्वश्रेष्ठ नतीजों की कामना करता हूं।

डॉ. तिर्की ने कहा कि हॉकी इंडिया इस आयोजन के माध्यम से खिलाड़ियों के परिवारों द्वारा किये गये अविश्वसनीय प्रयासों की सराहना करता है। यह पहली बार है कि दोनों टीमों के सभी परिवार के सदस्यों को एक साथ लाया गया है। हम इन चैंपियनों के विकास में परिवार के सदस्यों के प्रयासों का सम्मान करना चाहते थे।

भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहाकि यह वास्तव में एक अद्भुत कार्यक्रम था। इस अवसर पर मेरे परिवार का यहां आना और हमें इतना यादगार संदेश देना मेरे लिए बेहद खास है। इसने हमें देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया है।

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने हरमनप्रीत की भावनाओं को दोहराते हुए कहा कि हमारे लिये इस खूबसूरत विदाई समारोह का आयोजन करने के हॉकी इंडिया के प्रयास से हम बहुत प्रभावित और सम्मानित महसूस कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि आज अपने परिवार के साथ उपस्थित सभी खिलाड़ी इस मान्यता और प्रोत्साहन के लिये दिल से आभारी हैं। अब हम अपने देश को गौरवान्वित करने के लिये नये उत्साह के साथ इस यात्रा पर निकलने के लिये तैयार हैं।

### पहली बार खिलाड़ियों के साथ उनके माता-पिता को भी किया गया सम्मानित

एशियाई खेलों के लिये भारतीय पुरुष हॉकी टीम : पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह, संजय, सुमित, नीलकंठ शर्मा, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, अभिषेक, गुरजंत सिंह, मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह और ललित कुमार उपाध्याय।

भारतीय महिला हॉकी टीम : सविता, बिचू देवी खारीबाम, दीपिका, लालरेम्सियामी, मोनिका, नवनीत कौर, नेहा, निशा, सोनिका, उदिता, इशिका चौधरी, दीप ग्रेस एक्का, वंदना कटारिया, संगीता कुमारी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, निक्की प्रधान, सुशीला चानू, सलीमा टेटे।

## लोकेंद्र सिंह कालवी स्मृति खेल सम्मान समारोह 16 को



अमित सिंह उज्जैन।

**पटना।** सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में आगामी 16 सितंबर को पटना में श्री राजपूत करणी सेना के शीर्ष संस्थापक स्व. लोकेंद्र सिंह कालवी की स्मृति में लोकेंद्र सिंह कालवी स्मृति खेल सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के महासचिव नवीन कुमार ने दी।

इस सम्मान समारोह में राज्य के खेल पत्रकारों, खेल प्रोमोटर, महिला व पुरुष क्रिकेटरों के साथ अन्य खेलों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही खेल समेत अन्य क्षेत्रों के विकास और सुधार में अपनी भूमिका अदा करने वाले गणमान्य व्यक्तियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जायेगा।

श्री राजपूत करणी सेना के अधयक्ष अमित सिंह उज्जैन ने कहा कि सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन बिहार में खेलों और खिलाड़ियों के विकास के लिए बेहतर कार्य करती है। श्री राजपूत करणी सेना के सहयोग से इसके पहले भी कई कार्यक्रम इस संस्था द्वारा कराये गए हैं। संस्था अपने शीर्ष संस्थापक की स्मृतियों को ताजा रखने के लिए और उनके आदर्शों को पूरा करने इस सम्मान समारोह को सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कर रही है। श्री राजपूत करणी सेना समाज के हर वर्ग के विकास के लिए दृढ़संकल्पित है।


फाउंडेशन के महासचिव नवीन कुमार ने बताया कि जल्द ही आयोजन स्थल और सम्मानित होने वाले गणमान्य हस्तियों की सूची के बारे में घोषणा कर दी जायेगी।

**प्रेम कहानी** दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर डेविड मिलर ने फिल्मी अंदाज में किया प्रपोज

# घुटने पर बैठ अपने प्रेम का किया इजहार, प्रेमिका को पहनाई अंगूठी

डेविड मिलर ने कैमिला हैरिस को जिम्बाब्वे के मपाला जेना में प्रपोज किया। यह जगह जिम्बाब्वे की जम्बेजी नदी के सफेद रेतीले किनारों और जम्बेजी नेशनल पार्क में स्थित है।





दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर आजकल क्रिकेट से ब्रेक पर चल रहे हैं। आईपीएल के बाद उन्होंने कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। लेकिन लगातार दुनिया भर की टी20 लीग में हिस्सा ले रहे हैं। इस बीच उन्होंने अपनी प्रेमिका को प्रपोज कर दिया है। दुनिया के सबसे विस्फोटक बल्लेबाज में गिने जाने वाले मिलर ने खुद सोशल मीडिया पर इसकी फोटो शेयर की।

दुनिया के बड़े-बड़े गेंदबाजों को घुटने पर लाने वाले डेविड मिलर अपनी प्रेमिका कैमिला हैरिस को प्रपोज करने के लिए खुद घुटनों पर आ गए। डेविड मिलर को कैमिला हैरिस से जवाब में भी लगा है। मिलर ने फोटोज के साथ कैप्शन में लिखा- उसने हां बोल दिया। कैमिला मिलर, यह एक अच्छी अंगूठी है ना?

डेविड मिलर ने कैमिला हैरिस को जिम्बाब्वे के मपाला जेना में प्रपोज किया। यह जगह जिम्बाब्वे की जम्बेजी नदी के सफेद रेतीले किनारों और जम्बेजी नेशनल पार्क में स्थित है। डेविड मिलर की होने वाली पत्नी कैमिला हैरिस ने अपने इंस्टाग्राम पर खुद के बारे में लिखा है। जिसके अनुसार वह पोलो खिलाड़ी हैं। आईपीएल के दौरान मिलर को चीयर करने के लिए वह भारत भी आई थीं। कैमिला हैरिस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अपनी एक्टिविटी वह लगातार फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं।

खेलढाबा.कॉम के साथ जुड़कर अपने बिजनेस को दें नई उड़ान

विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

Call For Advertisment

7870100025

## संक्षिप्त खबरें

### तीन साल के लिए मुंबई एफसी में शामिल हुए लोटजेम

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने गुरुवार को युवा विंगर सेलेनथांग लोटजेम के साथ अनुबंध की घोषणा की। मणिपुर से आने वाले 19 वर्षीय लोटजेम 2025-26 सीज़न के अंत तक तीन साल के अनुबंध पर मुंबई एफसी में शामिल हुए। पंजाब में जेसीटी अकादमी से आने के बाद लोटजेम को महज 16 साल की उम्र में 2020 में सुदेवा दिल्ली एफसी ने अपने साथ जोड़ा था। क्लब के साथ अपने दूसरे सीज़न में लोटजेम को सुदेवा दिल्ली की पहली टीम में लाया गया और उन्हें 2021-22 आई-लीग में नियमित रूप से खेलने का मौका मिला। इस सीजन उन्होंने 10 मैचों मे एक गोल किया।

### दीक्षा को आयरिश ओपन में एकल बढ़त

**डबलिन (आयरलैंड)।** भारत की दीक्षा डागर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सात अंडर 65 का कार्ड खेला जिसे वह ड्रोमोलैंड में चल रहे आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन के बाद एकल बढ़त पर हैं। रोहतक की रहने वाली 22 वर्षीय दीक्षा ने एक भी बोगी नहीं की और इस सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ स्कोर की बराबरी भी की। उन्होंने जून में चेक लेडीज ओपन के दूसरे दौर में 65 का कार्ड खेला था जिससे वह यह टूर्नामेंट जीतने में सफल रही थी। महिलाओं के यूरोपीय टूर के आर्डर ऑफ मेरिट में पांचवें स्थान पर चल रही दीक्षा का लक्ष्य इस सूची में शीर्ष चार खिलाड़ियों में शामिल होना है। ऐसा माना जा रहा है कि मेरिट सूची में चोटी पर रहने वाली चार खिलाड़ियों को एलपीजीए में खेलने का मौका मिलेगा।

### लीजेंड्स लीग क्रिकेट 18 नवंबर से

**नईदिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के दूसरे सत्र का आयोजन भारत में 18 नवंबर से नौ दिसंबर तक किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एलएलसी का पहला सत्र पिछले साल अक्टूबर में इंडिया कैपिटल्स ने जीता था। आयोजकों ने बयान में कहा, ''खेल के दिग्गज खिलाड़ियों के भारत आने से लीजेंड्स लीग क्रिकेट के आगामी सत्र में निश्चित रूप से रोमांच बढ़ेगा।'' आयोजकों ने आगामी सत्र के मुकाबलों का आयोजन नए स्थलों पर करने की योजना बनाई है। सुरेश रैना, आरोन फिंच, हाशिम अमला, रोस टेलर, क्रिस गेल जैसे स्टार क्रिकेटर एलएलसी के पहले सत्र में खेले थे। एलएलसी के आयुक्त रवि शास्त्री ने कहा, ''आ जाओ, विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का हमेशा स्वागत है। और अधिक लीजेंड्स के खेल से जुड़ने से मैदान पर और अधिक मजे की उम्मीद है।''

### एर्लिंग हालैंड, ऐटाना ने जीता यूईएफए प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार



**मोनाको।** गुरुवार को मोनाको में 2023 यूईएफए चैंपियंस लीग ग्रुप स्टेज ड्रॉ के हिस्से के रूप में आयोजित पुरस्कार समारोह के दौरान एर्लिंग हालैंड और ऐटाना बोनमती ने यूईएफए प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता। जबकि हालैंड को अपने पहले सीज़न में मैनचेस्टर सिटी के साथ तिहरा खिताब जीतने के बाद सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नामित किया गया था, बोनमती ने बार्सिलोना महिलाओं के साथ महिला चैंपियंस लीग जीती और 2023 फीफा महिला विश्व कप भी जीता, जहां उन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए गोल्डन बॉल से सम्मानित किया गया। हालैंड के मैन सिटी मैनेजर पेप गार्डियोला ने सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच का पुरस्कार जीता, जबकि लायनेस की मुख्य कोच सरीना विगमैन ने महिला टीम के सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार जीता।

### इंस्टाग्राम पर मैनचेस्टर सिटी का मनमोहक 'ओणम' पोस्ट वायरल

**तिरुवनंतपुरम।** इंग्लिश प्रीमियर लीग के क्लब मैनचेस्टर सिटी ने इंस्टाग्राम पर मलयालम में ओणम के त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए केरल में क्लब के हज़ारों प्रशंसकों का मन मोहने का काम किया। इंस्टाग्राम पर वायरल हुई तस्वीर में नीली जर्सी पहने हुए क्लब के सुपरस्टार खिलाड़ी तले हुए पापड़म को दांतों से काट रहे हैं, जबकि उनके पीछे हरियाली से लदे हुए नारियल के पेड़ और दो नौका-घर दिखाई दे रहे हैं। केरल टूरिज्म ने फेसबुक पर तस्वीर को दोबारा साझा करते हुए कहा, "इंग्लिश प्रीमियर लीग में 32 प्रमुख सम्मानों वाली टीम सभी मलयाली लोगों को ओणम की शुभकामनाएं देती है। मैनचेस्टर सिटी के दुनिया भर में काफी समर्पित मलयाली प्रशंसक हैं। केरल के पर्यटन मंत्री पी.ए. मोहम्मद रियास ने पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि फुटबॉल लंबे समय से राज्य की खेल संस्कृति का हिस्सा रहा है।



कानपुर के ग्रीन पार्क में चल रही यूपी टी20 लीग के दौरान रिंकू सिंह जिस ओर बाउंड्री की तरफ जा रहे थे वहीं, दर्शक रिंकू-रिंकू का शोर मचा रहे थे।

## अब सुपरओवर में हीरो बने रिंकू सिंह, 3 छक्के मारकर दिलाई टीम को जीत

**कानपुर।** यूपी टी 20 लीग में काशी रुदर्स और मेरठ मावेरिक्स के बीच रो मांचक मुकाबला खेला गया जो कि सुपरओवर तक गया। अच्छी बात यह रही कि सुपरओवर में मेरठ के रिंकू सिंह का बल्ला चला और उन्होंने लगातार 3 छक्के लगा कर अपनी टीम की जीत का रास्ता साफ कर दिया।

ग्रीन पार्क में गुरुवार को यूपी टी 20 लीग मुकाबले में दो मैच खेले गए। दोनों मैच सुपर ओवर में पहुंचे। पहले मैच में लखनऊ फाल्कस की टीम ने गोरखपुर को हराकर मैच अपने पाले में डाल लिया, तो वहीं दूसरे मुकाबले में रिंकू सिंह की ग्रीन पार्क में एक तूफानी बल्लेबाजी देखने को मिली और सुपर ओवर में रिंकू सिंह ने लगातार तीन छक्के मार कर काशी रुद्रांश के हाथों से जीत छीन ली।

गोरखपुर लायंस वह लखनऊ फॉल्कंस के बीच पहला मुकाबला रोमांचक देखने को मिला। जीता हुआ मैच गोरखपुर के हाथ से निकल गया और सुपर ओवर में लखनऊ ने बाजी मार ली। स्टेडियम में रिंकू सिंह जिस ओर बाउंड्री की तरफ जा रहे थे वहीं, दर्शक रिंकू रिंकू का शोर मचा रहे थे। कई बार रिंकू ने हाथ हिलाकर दर्शकों का अभिवादन भी स्वीकार किया, जब रिंकू बोल्ड हुए तो पूरा स्टेडियम कुछ पलों के लिए मायूस हो गया था। शहर के युवाओं में रिंकू की दीवानगी देखने को मिली।

## कनाडा की डेनियेले मैकगाह पुरुष से बनीं महिला, अब खेलेगी इंटरनेशनल क्रिकेट

लंदन,31 अगस्त

कनाडा की डेनियेले मैकगाहे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाली पहली ट्रांसजेंडर क्रिकेटर बनेंगी जब वह बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 के क्वालीफायर के लिये उतरेंगी।

29 वर्ष की मैकगाहे को अगले महीने होने वाले क्वालीफायर के लिये कनाडा की महिला टीम में चुना गया है। वह पुरुष से महिला ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों के लिए आईसीसी की पात्रता के मानदंडों पर खरी उतरी है। क्वालीफाइंग टूर्नामेंट लॉस एंजिलिस में चार से 11 सितंबर तक खेला जायेगा। वैश्विक क्वालीफायर में जगह बनाने के लिये अमेरिकी क्वालीफायर में कनाडा का सामना अर्जेंटीना, ब्राजील और अमेरिका से होगा।

मैकगाहे ने बीबीसी स्पोर्ट्स से कहा कि मैं गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। अपने समुदाय का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिये सपना सच होने जैसा है। वह फरवरी 2020 में ऑस्ट्रेलिया से कनाडा आई और नवंबर 2020 में पुरुष से महिला बनी। उन्होंने मेडिकल बदलाव मई 2021 से शुरू किया। आईसीसी ने इस बारे में एक बयान में कहा कि हम इसकी पुष्टि करते हैं कि डेनियेले ने आईसीसी की पात्रता संबंधी शर्तों को पूरा किया है और वह अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट खेलने के योग्य है।

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाली पहली ट्रांसजेंडर क्रिकेटर बनेंगी जब वह बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 के क्वालीफायर के लिये उतरेंगी।**



मैकगाहे ने कहा कि अपने टेस्टोस्टेरोन का स्तर पता करने के लिये मैने पिछले दो साल से हर महीने खून की जांच कराई है। क्रिकेट खेलते समय इतनी यात्रा करनी होती है कि यह थोड़ा मुश्किल था। मुझे फख्र है कि सिर्फ अपने लिये नहीं बल्कि ट्रांसजेंडर समुदाय के लिये कि में उनका प्रतिनिधित्व कर रही हूं।

## Bcci Media Rights
# अंबानी की कंपनी का एकछत्र राज

### वायकॉम 18 ने हासिल किए टीवी और डिजिटल अधिकार, अगले पांच साल तक यहां देख सकेंगे घरेलू मैच

मुंबई, लंदन,31 अगस्त

वायकॉम 18 के चैनल स्पोर्ट्स 18 में अगले पांच साल तक भारत की सभी घरेलू सीरीज के मुकाबले देखे जा सकेंगे। वहीं, मोबाइल फोन पर आप जियो सिनेमा एप पर ये मैच देख पाएंगे।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अगले पांच साल (2023-2028) के लिए मीडिया अधिकारों की नीलामी कर दी है। वायकॉम 18 ग्रुप ने ये अधिकार अपने नाम किए हैं।

वायकॉम 18 ने डिज्नी स्टार को पीछे छोड़ते हुए भारतीय टीम के घर पर खेले जाने वाले अगले 5 सालों के मुकाबलों के टीवी और डिजिटल अधिकार हासिल कर लिया है। पिछले 11 सालों से यह अधिकार स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के पास था जो अब उनके हाथ से चला गया है। 5996.4 करोड़ रुपये में यह डील वायकॉम 18 ने हासिल की है. पिछली बार डिज्नी स्टार 6138 करोड़ रुपये की उंची रकम देकर हासिल की थी।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। अब अगले पांच साल (सितंबर 2023-मार्च 2028) तक भारतीय क्रिकेट टीम के सभी घरेलू मैच स्पोर्ट्स 18 चैनल पर देखे जा सकेंगे। वहीं, मोबाइल फोन पर आप जियो सिनेमा एप पर ये मैच देख पाएंगे।

जय शाह ने ट्विटर पर लिखा अगले पांच साल के लिए बीसीसीआई के डिजिटल और टीवी चैनल मीडिया अधिकार हासिल करने पर वायकॉम 18 ग्रुप के बधाई। भारतीय क्रिकेट दोनों जगहों पर निरंतर विकास जारी रखेगा। क्योंकि, आईपीएल और महिला प्रीमियर लीग के बाद बीसीसीआई तक हमने अपनी साझेदारी आगे बढ़ाई है। साथ मिलकर हम क्रिकेट फैंस की कल्पना को साकार करेंगे।

जय शाह ने अगले ट्वीट में लिखा इतने वर्षों में साथ देने के लिए स्टार इंडिया और डिज्नी प्लस हॉटस्टार का बहुत-बहुत आभार। आपने दुनियाभर में भारतीय क्रिकेट को उसके फैंस के बीच पहुंचाने में बहुत अहम योगदान दिया है। अब तक भारत में होने वाले टीम इंडिया के मुकाबलों के प्रसारण के अधिकार स्टार स्पोर्ट्स के पास थे। पहले आईपीएल के प्रसारण के अधिकार भी स्टार स्पोर्ट्स के पास थे, लेकिन अब इस टूर्नामेंट के डिजिलट प्रसारण अधिकार वायकॉम 18 ग्रुप के पास हैं। वहीं, महिला प्रीमियर लीग के डिजिटल और टीवी दोनों प्रसारण अधिकार वायकॉम 18 के पास हैं।

#### टीम इंडिया अगले 5 सालों में 88 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी

भारत अगले पांच वर्षों में स्वदेश में तीनों प्रारूपों में 88 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। इनमें 25 टेस्ट, 27 वनडे और 36 ळ20 अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल है। नए करार के अनुसार प्रत्येक मैच के लिए इउउकको लगभग 67.76 करोड़ रुपए मिलेंगे। यह पिछले चक्र के 60 करोड़ रुपए प्रति मैच से लगभग 7.76 करोड़ अधिक है। बीसीसीआई को हालांकि पिछले चक्र की तुलना में 175 करोड़ रुपए कम मिलेंगे। पिछले चक्र में 102 मैच खेले गए थे और इउउकको कुल 6138 करोड़ रुपए मिले थे।

भारत अगले पांच वर्षों में घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वाधिक 21 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। उसके बाद इंग्लैंड का नंबर आता है जिसके खिलाफ वह सभी प्रारूपों में 18 मैच खेलेगा। इसके अलावा भारतीय टीम इन पांच वर्षों में न्यूजीलैंड से 11, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज से 10-10, अफगानिस्तान से सात, श्रीलंका से छह और बांग्लादेश से पांच मैच खेलेगी।

बीसीसीआई एक अरब डॉलर के आंकड़े (लगभग 2300 करोड़ रुपए से) को छूने से काफी पीछे रह गया। इसका एक प्रमुख कारण वनडे प्रारूप की घटती लोकप्रियता है और भारत अगले चक्र में इस प्रारूप में केवल 27 मैच खेलेगा।

### ऑनलाइन गेमिंग के प्रचार के विरोध में तेंदुलकर के घर के बाहर प्रदर्शन



**मुंबई।** विधायक बच्चू कडू और उनके समर्थकों ने मुंबई के बांद्रा इलाके में सचिन तेंदुलकर के घर के बाहर वीरवार को इस महान क्रिकेटर द्वारा एक ऑनलाइन गेमिंग का विज्ञापन करने के विरोध में प्रदर्शन किया। पुलिस बाद में बच्चू और उनके समर्थकों को प्रदर्शन स्थल से ले गई। 'प्रहार जनशक्ति पक्ष' के विधायक बच्चू महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट के समर्थक हैं। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए मांग की कि तेंदुलकर अपना भारत रत्न पुरस्कार लौटा दें क्योंकि वह ऑनलाइन गेम का प्रचार कर रहे हैं जो युवाओं को बर्बाद कर सकता है। पुलिस द्वारा ले जाये जाने से पहले बच्चू ने संवाददाताओं से कहा कि सचिन तेंदुलकर को अपना भारत रत्न पुरस्कार वापस कर देना चाहिए। यदि वह ऑनलाइन गेमिंग के विज्ञापन से बाहर नहीं निकलते हैं, तो हम आगामी गणेशोत्सव के दौरान हर उस गणेश पंडाल (आगामी गणपति उत्सव के दौरान) के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे जहां यह विज्ञापन प्रदर्शित किया जाएगा और इसे हटाने की मांग करेंगे।

# पाक के खिलाफ मैच से पहले ईशान के बल्लेबाजी क्रम को लेकर असमंजस बरकरार

पालेकल, 31 अगस्त

केएल राहुल की अनुपस्थिति में ईशान किशन एशिया कप में विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ दो सितंबर को होने वाले भारत के पहले मैच से पूर्व इस बाएं हाथ के बल्लेबाज के बल्लेबाजी क्रम को लेकर असमंजस बरकरार है।

#### ओपनिंग कर सकते हैं

राहुल एशिया कप के पहले दो मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे और ऐसे में किशन को सलामी बल्लेबाज के तौर पर भी उतारा जा सकता है। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की पिछली एकदिवसीय श्रृंखला में उन्होंने शुभमन गिल के साथ पारी का आगाज किया था और अपना अच्छा प्रभाव छोड़ा था।

#### वेस्टइंडीज दौर पर अच्छा प्रदर्शन

किशन ने उस श्रृंखला के तीन मैचों में 61.33 की औसत से 184 रन बनाए थे। उन्होंने 52, 55 और 77 रन की अर्धशतकीय पारियां खेली थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में हालांकि रोहित शर्मा को विश्राम दिया गया था।

अब जबकि रोहित की वापसी हो गई है तो उनका सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरना तय है और ऐसे में भारतीय टीम प्रबंधन को किशन के बल्लेबाजी क्रम को लेकर विचार करना पड़ रहा है। किशन ने पारी का आगाज करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में ही दोहरा शतक जड़ा था।

#### ईशान किशन को लेकर रवि शास्त्री का यह है मानना

भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि किशन को सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारना चाहिए क्योंकि वह अपनी बेफिक्र बल्लेबाजी से भारत को शुरू में मजबूत स्थिति में पहुंचा सकते हैं। अगर किशन पारी की शुरुआत करते हैं तो फिर गिल को तीसरे और विराट कोहली को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरना होगा। इसका मतलब यह होगा कि चोट से उबर कर वापसी करने वाले श्रेयस अय्यर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। ऐसे में हार्दिक पंड्या छठे नंबर पर उतरेंगे और टीम में सूर्यकुमार यादव के लिए कोई जगह नहीं होगी। सूर्यकुमार अभी तक वनडे में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन उनके कौशल को देखकर उन्हें टीम में रखा गया है। अगर टीम प्रबंधन उन्हें अंतिम एकादश में रखना चाहेगा तो फिर अय्यर को मैदान पर वापसी करने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है।

#### तीसरे या मध्यक्रम में भी उतारा जा सकता है

भारत इसके अलावा एक अन्य विकल्प पर काम कर सकता है। वह किशन को तीसरे नंबर पर उतार सकता है जिसके बाद कोहली चौथे और अय्यर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे। ऐसी स्थिति में रोहित और गिल पारी का आगाज करेंगे। किशन को मध्यक्रम में भी उतारा जा सकता है। उन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अभी तक जो चार पारियां खेली हैं उनमें उन्होंने दो अर्धशतक जमाए हैं। उन्हें पांचवें नंबर पर भी उतारा जा सकता है लेकिन अभी तक उन्होंने जो 17 वनडे मैच खेले हैं उनमें इस नंबर पर बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे हैं।



# मेरा कोई अहंकार नहीं है, नई गेंद से या डैथ में गेंदबाजी कर सकता हूं : शमी

पालेकल, 31 अगस्त

मोहम्मद शमी को वनडे क्रिकेट में नयी गेंद की बजाय पुरानी कूकाबूरा से भी गेंदबाजी करने में कोई गुरेज नहीं है और उनका कहना है कि वह टीम की जरूरत के अनुसार ढलने को तैयार हैं और उनमें कोई अहंकार नहीं है ।

एशिया कप के लिये जसप्रीत बुमराह की वापसी के साथ देखना यह होगा कि पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को उनके साथ नयी गेंद कौन संभालेगा। बुमराह की गैर मौजूदगी में शमी और मोहम्मद सिराज ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ मार्च में वनडे श्रृंखला में नयी गेंद संभाली थी। शमी ने एशिया कप से पहले स्टार स्पोटर्स से कहा कि मुझे नयी गेंद या पुरानी गेंद से गेंदबाजी करने में कोई हिचक नहीं है । मुझमें इस तरह का कोई अहंकार नहीं है । हम तीनों ( बुमराह, शमी और सिराज) अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और यह टीम प्रबंधन पर निर्भर करता है कि वह किसे उतारना चाहता है। उन्होंने कहा ,'' अगर मुझे नयी गेंद दी जाती है या जब भी गेंदबाजी करने को कहा जाता है तो मैं हमेशा तैयार हूं।'' उन्होंने कहा ,'' सफेद और लाल गेंद को लेकर काफी बात की जाती है। लेकिन अगर सटीक गेंदबाजी करते हैं तो किसी भी प्रारूप में कोई दिक्कत नहीं है। मेरा एक ही लक्ष्य है कि मैदान पर अपना शत प्रतिशत देना है। अगर ऐसा कर सके तो नतीजे खुद ब खुद मिलेंगे। उन्होंने कहा कि विश्व कप से पहले बुमराह की वापसी से टीम का मनोबल बढेगा। शमी ने कहा ,'' जस्सी (बुमराह) लंबे समय से नहीं खेल रहा था। हमें उसकी कमी खली। उसकी वापसी से हमारी गेंदबाजी काफी मजबूत हुई है।

**विश्व कप से पहले बुमराह की वापसी से टीम का मनोबल बढेगा। जस्सी (बुमराह) लंबे समय से नहीं खेल रहा था। हमें उसकी कमी खली। उसकी वापसी से हमारी गेंदबाजी काफी मजबूत हुई है।**




## कोहली को गेंदबाजी करने के लिए सतर्कतापूर्वक रणनीति बनानी होगी: शादाब



**पालेकल।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर शादाब खान ने विराट कोहली को विश्वस्तरीय खिलाड़ी करार दिया और कहा कि वह जानते हैं कि भारत के इस स्टार बल्लेबाज को गेंदबाजी करने के लिए किस तरह की रणनीति की जरूरत पड़ती है। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को मुकाबला होगा और इससे पहले पाकिस्तान के गेंदबाज कोहली की चुनौती से पार पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

शादाब ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा,'' वह ( कोहली) निश्चित तौर पर विश्वस्तरीय खिलाड़ी है। आपको उनका सामना करने के लिए काफी रणनीति बनानी होगी।'' कोहली ने पिछले साल मेलबर्न में आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ 53 गेंदों पर नाबाद 82 रन बनाकर भारत को चार विकेट से जीत दिलाई थी। शादाब ने उस पारी को याद करते हुए कहा,'' विराट कोहली जिस तरह के बल्लेबाज हैं और उन्होंने हमारे खिलाफ जिस तरह का प्रदर्शन किया है, यहां तक कि टी20 विश्वकप के आखिरी मैच में उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की, मुझे नहीं लगता कि दुनिया का कोई भी अन्य बल्लेबाज उस तरह की परिस्थिति में हमारे मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के सामने ऐसी पारी खेल पाता।''

# पाकिस्तानी गेंदबाजों का सामना करने के लिए आपको करना होता है श्रेष्ठ प्रदर्शन

पाल्लेकल, 31 अगस्त

दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली का मानना है कि पाकिस्तान जैसे बेहद स्तरीय गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने के लिए आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है।

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अपने पिछले तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले जीते हैं लेकिन पिछला मैच 2019 विश्व कप के दौरान खेला गया था।

कोहली ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, ''मुझे लगता है कि गेंदबाजी उनका मजबूत पक्ष है। और उनके पास प्रभाव छोड़ने वाले गेंदबाज हैं जो अपने कौशल के आधार पर कभी भी मैच का रुख बदल सकते हैं। इसलिए उनका सामना करने के लिए आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है। कोहली पिछले कुछ समय से एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले साल दिसंबर के बाद से इस प्रारूप में 13 मैच में 554 रन बनाए हैं लेकिन इस दौरान उनका औसत 50.36 रहा।

पिछले कुछ समय में अपने रुख के बारे में कोहली ने कहा, ''मैं सिर्फ यह समझने का प्रयास करता हूं कि मैं अपने खेल को कैसे बेहतर कर सकता हूं। प्रत्येक दिन, प्रत्येक अभ्यास सत्र में, प्रत्येक साल, प्रत्येक सत्र, इसी के कारण मुझे इतने लंबे समय तक अच्छा खेल दिखाने और टीम के लिए प्रदर्शन करने में मदद मिली। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि आप इस मानसिकता के बिना लगातार अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं क्योंकि यदि आपका प्रदर्शन ही आपका एकमात्र लक्ष्य है तो आप संतुष्ट हो सकते हैं और कड़ी मेहनत करना बंद कर सकते हैं।''

**विराट कोहली ने कहा- मुझे लगता है कि गेंदबाजी उनका मजबूत पक्ष है। और उनके पास प्रभाव छोड़ने वाले गेंदबाज हैं जो अपने कौशल के आधार पर कभी भी मैच का रुख बदल सकते हैं।**



# डूरंड कप फाइनल में मोहन बागान की भिड़ंत ईस्ट बंगाल से

**कोलकाता, 31 अगस्त**

अल्बानिया के अर्मांडो सादिकु ने खराब फॉर्म से उबरते हुए गोल दागा जिससे मोहन बागान ने गुरुवार को यहां पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एफसी गोवा को 2-1 से हराकर डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना शहर के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल से होगा।

ईस्ट बंगाल और मोहन बागान के बीच रविवार को होने वाला खिताबी मुकाबला 2004 के फाइनल की पुनरावृत्ति होगा। मजबूत डिफेंस के साथ उतरी एफसी गोवा ने मुकाबले का पहला गोल दागा जब 23वें मिनट में मोरक्को के मिडफील्डर नोह सादोउ ने गेंद को गोल में पहुंचाया। मोहन बागान ने 42वें मिनट में पेनल्टी पर जेसन कमिंग के गोल की बदौलत स्कोर 1-1 किया। रैफरी अश्विन का पेनल्टी का फैसला हालांकि विवादास्पद रहा।

ह्यूगो बोमोस की जगह मैदान पर उतरने के चार मिनट के भीतर आर्मेनिया के स्थानापन्न खिलाड़ी सादिकु ने मोहन बागान की ओर से अपना सबसे महत्वपूर्ण गोल दागा और टीम की फाइनल में जगह सुनिश्चित की। सादिकु ने 61वें मिनट में संदेश झिंगन की गलती का फायदा उठाते हुए गोल किया जो निर्णायक साबित हुआ।

मोहन बागान के कोच ने अंतिम मिनटों में ब्रेंडन हामिल और लिस्टन कोलासो को मैदान पर उतारकर अपने डिफेंस को मजबूत किया। उनकी यह रणनीति सफल रही क्योंकि



**मोहन बागान ने 2019 के बाद पहली बार डूरंड कप के फाइनल में जगह बनाई। तब टीम को गोकुलम केरल के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। मोहन बागान को 2004 के फाइनल में भी ईस्ट बंगाल के खिलाफ 1-2 से हार झेलनी पड़ी थी। टीम 2000 से इस टूर्नामेंट को जीतने में विफल रही है। मोहन बागान ने तब महिंद्रा यूनाईटेड को गोल्डन गोल से हराया था. मोहन बागान और ईस्ट बंगाल दोनों ने 16 बार डूरंड कप खिताब जीता है।**

गोवा की टीम कई मूव बनाने के बावजूद बराबरी का गोल दागने में नाकाम रही। गोलकीपर विशाल कैथ को भी टीम की जीत का श्रेय जाता है जिन्होंने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में जय गुप्ता के लगभग तय गोल को रोका।

मोहन बागान ने 2019 के बाद पहली बार डूरंड कप के फाइनल में जगह बनाई। तब टीम को गोकुलम केरल के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। मोहन बागान को 2004 के फाइनल में भी ईस्ट बंगाल के खिलाफ 1-2 से हार झेलनी पड़ी थी। टीम 2000 से इस टूर्नामेंट को जीतने में विफल रही है। मोहन बागान ने तब महिंद्रा यूनाईटेड को गोल्डन गोल से हराया था।

## भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री को पुत्ररत्न की प्राप्ति



**नईदिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी सोनम भट्टाचार्य ने बेटे को जन्म दिया है। पारिवारिक सूत्रों और मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सोनम फिलहाल बेंगलुरु के एक नर्सिंग होम में हैं। बताया जा रहा है कि मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।। बुधवार सुबह 11:11 बजे सोनम ने बेटे को जन्म दिया। दिलचस्प बात यह है कि सुनील ने सोशल मीडिया पर कोई भी अपडेट साझा नहीं किया है। दरअसल, यह चलन आजकल मशहूर हस्तियों के बीच आम हो गया है। आमतौर पर सकारात्मक खबरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो जाती हैं, लेकिन सुनील और सोनम दोनों ने अब तक इस मामले के बारे में कोई भी जानकारी ऑनलाइन साझा नहीं करने का फैसला किया है। साहेब भट्टाचार्य, जो अक्सर सोशल मीडिया पर सुनील और सोनम के बारे में अपडेट साझा करते हैं, प्रसिद्ध फुटबॉल दिग्गज सुब्रत भट्टाचार्य के बेटे और सोनम के भाई हैं। यहां तक कि साहेब ने भी सुनील और सोनम के बेटे के जन्म के संबंध में कोई भी सोशल मीडिया पोस्ट नहीं करने का फैसला किया है।

# अगले वर्ष जनवरी में हो सकती है एआईएफएफ की कॉरपोरेट लीग

**नईदिल्ली, 31 अगस्त**

संभवतः अगले साल जनवरी में शुरू होने वाली प्रस्तावित संस्थागत लीग में शीर्ष दो में रहने वाली टीमों को 2024 में शीर्ष घरेलू नॉकआउट टूर्नामेंट फेडरेशन कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता एआईएफएफ के उप महासचिव सत्यनारायण एम ने की।

संस्थागत लीग के लिए 'प्रस्ताव के लिए अनुरोध' (रिक्वेस्ट फोर प्रपोजल) दस्तावेज सितंबर की शुरुआत में जारी होने की संभावना है जबकि पात्र पक्षों की घोषणा अक्टूबर के मध्य तक होने की उम्मीद है। देश की कुछ प्रतिष्ठित संस्थागत टीमों ने लीग में रुचि दिखाई है। गुरुवार को 25 संस्थागत लीग टीम के साथ बोली पूर्व बैठक के बाद एआईएफएफ ने संस्थागत लीग के लिए आधार प्रतिस्पर्धी फीस 10 लाख रुपये वार्षिक रखी है।

आवेदनकर्ताओं को उनके 'विरासत मूल्यांकन स्कोर' (लीगेसी इवेलुएशन स्कोर) के आधार पर आधार प्रतिस्पर्धी फीस में पांच लाख रुपये तक की छूट मिलेगी। एआईएफएफ ने विज्ञप्ति में कहा, ''संस्थागत लीग के विजेताओं और उप विजेताओं को 2024 में फेडरेशन कप में सीधे प्रवेश मिलेगा और कई डिविजन की स्थिति में 'प्रमोशन-रेलीगेशन' प्रणाली लागू की जाएगी। घरेलू नॉकआउट टूर्नामेंट के विजेता को महाद्वीपीय क्लब टूर्नामेंट के प्ले ऑफ में खेलने का मौका मिलेगा। लीग का उद्देश्य संस्थागत फुटबॉल का भारतीय फुटबॉल ढांचे के साथ विलय करना है जिससे प्रतिस्पर्धी राष्ट्रीय ढांचे को और बेहतर बनाया जा सके। प्रतस्पर्धी टीमों से सलाह-मशविरे के बाद प्रतियोगिता के प्रारूप पर फैसला किया जाएगा। बैठक में जिन 25 टीम ने भाग लिया उनमें एयरोनॉटिक्स विकास प्रतिष्ठान (बेंगलुरू), एयर इंडिया (मुंबई), एएससी सेंटर साउथ (बेंगलुरू), बैंक ऑफ बड़ौदा (वडोदरा), बीएसएफ उत्तर बंगाल (सिलीगुड़ी), बीएसएफ पंजाब, चेन्नई सीमा शुल्क, सीआरपीएफ (पंजाब), सीएसआईआर झ राष्ट्रीय संस्थान समुद्र विज्ञान (गोवा), ड्रेवस्ट्रीम टेक प्राइवेट लिमिटेड (मुंबई), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (चेन्नई), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (नई दिल्ली), हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (बेंगलुरु), भारतीय नौसेना (कोच्चि), भारतीय रेलवे (नई दिल्ली), इंडिया पोस्ट कर्नाटक (बेंगलुरू), जेसीटी (पंजाब), कर्नाटक पुलिस (बेंगलुरू), ऑयल इंडिया लिमिटेड झ असम फील्ड मुख्यालय (दुलियाजान), पीडीसी सर्विसेज (अल्केमी फुटबॉल) (बेंगलुरू), पीएफए ऑर्गनाइजेशन (हरियाणा), पंजाब पुलिस, भारतीय रिजर्व बैंक (मुंबई), भारतीय रिजर्व बैंक (बेंगलुरू) और सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (नई दिल्ली) शामिल हैं।


# जॉन इस्नर का यूएस ओपन में सफर खत्म, टेनिस कैरियर पर भी ब्रेक

**न्यूयॉर्क, 31 अगस्त**

टेनिस इतिहास में सबसे लंबा मैच जीतने का रिकार्ड रखने वाले जान इस्नर का यूएस ओपन 2023 में हार के साथ उनके टेनिस कैरियर पर भी विराम लग गया। टेनिस कैरियर पर विराम लगाने की घोषणा वे खुद पहले कर चुके थे।

गुरुवार को फ्लशिंग मीडोज में जॉन इस्नर का कैरियर अंतिम सेट टाईब्रेकर के साथ उचित रूप से समाप्त हुआ। यूएस ओपन के दूसरे दौर में इस्नर अपने साथी अमेरिकी माइकल ममोह से 3-6, 4-6, 7-6(3), 6-4, 7-6(7) से हार गए। इस्नर ने ग्रैंडस्टैंड की भीड़ से कहा कि यह कठिन है। मुझे यह सोचना अच्छा लगता है कि मैं यथासंभव कड़ी मेहनत करता हूं," जो खुशी से झूम उठी और उसके आंसू छलक पड़े।

38 वर्षीय इस्नर, जिन्हें फ्लशिंग मीडोज में ड्रॉ में शामिल होने के लिए वाइल्ड कार्ड की आवश्यकता थी, ने 48 एस लगाए और एक मैच में अपने पहले सर्व प्वायंट के 86% अंक जीते जिसमें 63 अप्रत्याशित त्रुटियां भी शामिल थीं। 6 फुट 10 इंच (2.08 मीटर) का इस्नर कई बार वॉली लगाने के लिए गोता लगाते समय जमीन पर गिर गया। इस्नर 2018 में विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने के तुरंत बाद अपने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 8वीं रैंकिंग पर पहुंच थे। उन्होंने अबतक 16 एकल खिताब जीते और 14,000 से अधिक एश लगाए, जो एक एटीपी टूर रिकॉर्ड है। इसमें टेनिस इतिहास के सबसे लंबे मैच में 113 शामिल है। यह मैच 2010 में निकोलस माहुत के खिलाफ विंबलडन के पहले दौर खेला गया था जो 11 घंटे, 5 मिनट तक चली और पांचवें सेट में 70-68 पर समाप्त हुई। 89वीं रैंकिंग वाले ममोह का अगला मुकाबला जैक ड्रेपर से होगा, जिन्होंने बीमार चल रहे ह्यूबर्ट हर्काज़ को 6-2, 6-4, 7-5 से हराया और कंधे की चोट के कारण दो महीने से अधिक समय तक बाहर रहने के बाद दौरे पर अपनी वापसी बढ़ा दी। 21 वर्षीय ब्रिटिश ड्रेपर, जो अगस्त की शुरुआत में दौरे पर वापस आए थे, ने मजबूत सर्विस और ग्राउंडस्ट्रोक के साथ चोट का कोई संकेत नहीं दिखाया, जबकि हर्काज़ कई बार उदासीन दिखे



और अंतिम सेट में बदलाव के दौरान कोर्टसाइड मेडिक्स को बुलाया।

महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को ब्रिटेन की जोडी बराज के खिलाफ एक घंटे से कुछ अधिक समय में 6-2, 6-3 से जीत में थोड़ी परेशानी हुई। वह फ्रांस की क्लारा बुरेल के खिलाफ तीसरे दौर के मैच में आगे बढ़ीं, जिन्होंने नंबर 25 कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-4, 6-2 से हराया। 17वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी मैडिसन कीज़ भी बेल्जियम की यानिना विकमेयर पर 6-1, 6-2 से जीत के साथ आगे बढ़ीं।

अन्य मैचों में छठी वरीयता प्राप्त जननिक सिनर अपने साथी इतालवी लोरेंजो सोनेगो पर 6-4, 6-2, 6-4 से जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंच गए। छठी वरीयता प्राप्त सिनर ने अपने साथी खिलाड़ी के खिलाफ लाइफटाइम में 10-0 का सुधार किया। वह इस साल विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने और पिछले साल के यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद फ्लशिंग मीडोज में गहरी दौड़ की तलाश में हैं, मैच प्वाइंट हासिल करने के बाद पांच सेट की मैराथन में अलकराज से हार गए। 12वीं वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बाहरी कोर्ट 17 में अपनी वापसी पर साथी जर्मन डेनियल अल्टमैयर को 7-6(1), 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। ज्वेरेव उन कई खिलाड़ियों में से थे जिन्होंने पहले दौर में कोर्ट पर मारिजुआना, इसे ₹स्नूप डॉग के लिविंग रूम₹ जैसी गंध वाला बताया गया।

## रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन ने अमेरिकी ओपन में जीत के साथ किया आगाज

**न्यूयार्क।** अमेरिकी ओपन टेनिस के पुरुष युगल वर्ग में भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने क्रिस्टोफर ओकोनेल और अलेक्जेंडर वुकिच को सीधे सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने अमेरिकी ओपन के पुरुष युगल वर्ग में क्रिस्टोफर ओकोनेल और अलेक्जेंडर वुकिच को सीधे सेटों में एक घंटे से भी कम समय में 6-4, 6-2 से हराया। 43 वर्ष के बोपन्ना और 35 वर्ष के एबडेन ने पांच में से तीन ब्रेक प्वाइंट भुनाये। दोनों विम्बलडन में भी सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। अमेरिकी ओपन 2010 उपविजेता बोपन्ना और एबडेन का सामना अब अमेरिका के अलेक्जेंडर कोवासेविच और निकोलस मोरेनो डि अलबोरान और कजाखस्तान के आंद्रेइ गोलुबेव और रूस के रोमन साफिउलिन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

## ब्राजील में शामिल हुए बोटाफोगो के गोलकीपर पेरी

**रियो डी जेनेरो।** ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ ने बताया कि बोटाफोगो के अनकैप्ड गोलकीपर लुकास पेरी को बोलीविया और पेरू के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एथलेटिको पैरानेंस के बेंटो क्रेपस्की की जगह ली है, जो दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण टीम से बाहर हो गए थे। युवा स्तर पर ब्राजील का प्रतिनिधित्व करने वाले पेरी ने पिछले साल साओ पाउलो से रियो डी जेनेरो क्लब में शामिल होने के बाद से बोटाफोगो के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 50 प्रथम-टीम मैच खेले हैं। ब्राजील 7 सितंबर को बेलेन में बोलीविया से और पांच दिन बाद लीमा में पेरू से खेलेगा। जुलाई में मुख्य कोच नियुक्त किए गए फर्नांडो डेनिज़ के नेतृत्व में यह मैच ब्राज़ील का पहला मैच होगा।

## मुरुगप्पा हॉकी से इंडियन आयल हुआ बाहर



**चेन्नई।** केंद्रीय सचिवालय ने गुरुवार को यहां गत चैंपियन इंडियन आयल को पूल ए के मैच में 6-2 से हराकर उसे मुरुगप्पा गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट में सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर कर दिया। केंद्रीय सचिवालय की इस जीत में गोलकीपर पी नवीन कुमार ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कई शानदार बचाव करके इंडियन आयल के प्रयासों को विफल किया। इस बीच पूल बी के मैच में इंडियन आर्मी रेड ने भारतीय वायु सेना को 6-0 से पराजित करके सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। पूल बी से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम पंजाब नेशनल बैंक है। पूल ए से कर्नाटक और भारतीय रेलवे सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।

# अगले साल नॉर्थम्पटनशर में वापसी करेंगे पृथ्वी शॉ



**नॉर्थम्पटन, 31 अगस्त**

इस साल घुटने की चोट के कारण रॉयल लंदन वनडे कप से बाहर हुए युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ 2024 में नॉर्थम्पटनशर काउंटी क्रिकेट क्लब में वापसी करेंगे। क्लब ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

इस साल नॉर्थम्पटनशर के लिये पदार्पण करने वाले शॉ ने समरसेट के खिलाफ 153 गेंदों में 244 रनों की रिकॉर्ड तोड़ पारी खेली। अगले ही मैच में उन्होंने डरहम के खिलाफ 76 गेंदों में नाबाद 126 रन बनाये। शॉ ने चार मैचों में 143 की आश्चर्यजनक औसत से 429 रन बनाये लेकिन घुटने की चोट के कारण उनके स्वप्निल सीज़न का आकस्मिक अंत हो गया। शॉ ने क्लब में वापसी को लेकर कहा, ''मैं अगली गर्मियों में नॉर्थम्पटनशर वापस जाने के लिये बहुत उत्साहित हूं। भले ही यह सीजन जल्दी खत्म हो गया, लेकिन मैंने वहां अपने समय का आनंद लिया। उन्होंने कहा, ''यह एक शानदार क्लब है और सभी ने बहुत अच्छी तरह मेरा स्वागत किया। मैं वापस आने के लिये बेताब हूं। मेरा लक्ष्य हमेशा टीम को मैच जिताने में मदद करना है, और इस बार चोटग्रस्त होकर जल्दी लौटना बहुत निराशाजनक था। अगले साल शॉ नॉर्थम्पटनशर के लिये काउंटी चैंपियनशिप और वनडे कप दोनों में हिस्सा लेंगे। नॉर्थम्पटनशर के मुख्य कोच जॉन सैडलर ने उनकी वापसी को लेकर उत्सुकता ज़ाहिर की। जॉन ने कहा, ''पृथ्वी एक अभूतपूर्व प्रतिभा है और उसने इतने कम समय में हमारे लिये जो किया वह अविश्वसनीय था। वह अपनी चोट के कारण ज्यादा वक्त तक नहीं टिक पाने से पूरी तरह निराश था क्योंकि वह टेस्ट क्रिकेट भी खेलना चाहता था।

## सर्रे की तरफ से काउंटी में खेलेंगे बी साई सुदर्शन



**लंदन।** भारत की सीनियर राष्ट्रीय टीम की तरफ से अब तक एक भी मैच नहीं खेलने वाले सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन को सर्रे काउंटी क्रिकेट क्लब ने गुरुवार को काउंटी चैंपियनशिप के बाकी बचे सत्र के लिए अनुबंधित किया।

इक्कीस वर्षीय सुदर्शन ने अभी तक तमिलनाडु की तरफ से केवल आठ प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 47.71 की औसत से 598 रन बनाए हैं। इनमें दो शतक और एक अर्धशतक भी शामिल है। उनका उच्चतम स्कोर 179 है। सुदर्शन पिछले दो सत्र से इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेल रहे हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता में अब तक 13 मैचों में 507 रन बनाए हैं और उनका उच्चतम स्कोर 96 है। कुछ महीने पहले उन्होंने इमर्जिंग एशिया कप में भारत ए की तरफ से पदार्पण किया था। उन्होंने इस प्रतियोगिता में एक शतक भी जमाया था। सुदर्शन को अनुबंधित करने के बारे में सर्रे के मुख्य कोच एलेक स्टीवर्ट ने कहा, '' विश्व भर में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट का कार्यक्रम काफी व्यस्त है, इसे देखते हुए मैं साई सुदर्शन को अपने उपलब्ध खिलाड़ियों की सूची में शामिल करके खुश हूं।'' उन्होंने कहा,'' उन लोगों ने साई के नाम की सिफारिश की जिनका मैं बहुत सम्मान करता हूं। इनमें भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज भी शामिल हैं जिन्होंने उसके साथ काम किया है।''

## वेस्टर्न प्रोविंस ने सीएसए वन-डे कप के लिए काइल वेरेन को कप्तान नियुक्त किया



**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेन को 16 सितंबर से शुरू होने वाले सीएसए वनडे कप के लिए कप्तान नियुक्त किया गया है। काइल वेरेन ने ऑलराउंडर वेन पार्नेल की जगह ली है, जो कंधे की चोट से जूझ रहे हैं। वेरेन ने 2022-23 सीजन के दौरान सात प्रथम श्रेणी मैचों और तीन टी20 में टीम का नेतृत्व किया था।

वेस्टर्न प्रोविंस के मुख्य कोच, सालिएग नैकेरडियन ने प्रतिस्थापन के कारण के रूप में पार्नेल के कार्यभार और कंधे की चोट के बारे में जानकारी दी। नैकरडीन ने कहा, वेन फिजियोथेरेपी में व्यस्त हैं और उम्मीद है कि वह वनडे कप के दौरान तैयार रहेंगे, यह उनकी उपलब्धता और उनकी प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगा।

पार्नेल ने पिछले सीज़न में वेस्टर्न प्रोविंस का नेतृत्व किया और जोहान्सबर्ग में लायंस से हारकर उपविजेता रहे। वेरेन की कप्तानी पर नैकेरडीन ने कहा, ₹वह वेस्टर्न प्रोविंस के लिए बहुत उत्सुक और प्रतिबद्ध है और टीम में एक प्रमुख खिलाड़ी है। यही कारण है कि काइल कप्तानी संभाल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे पता है कि काइल टीम के लिए शानदार काम करेंगे। वह वर्तमान में टीम के साथ अच्छा तालमेल बिठा रहे हैं, जो हमारे द्वारा पिछले दो या तीन सीजन में बनाए गए माहौल को बेहतर बना रहा है।

पिछले सीजन में वेरेन के नेतृत्व में टी20 में वेस्टर्न प्रोविंस ने सात चार दिवसीय मैचों में से दो जीते जबकि अन्य दो हारे। कप्तान के रूप में वेरेन ने उन प्रथम श्रेणी मैचों में 59.44 की औसत से एक शतक और चार अर्धशतक लगाए।

वेरेन ने पत्रकारों से बात करते हुए अपनी कप्तानी की भूमिका पर प्रकाश डाला और वेस्टर्न प्रोविंस के प्रति अपना प्यार व्यक्त किया।मैं वास्तव में उत्साहित हूं। इस साल हमारे

# इंग्लिश फैंस से परेशान हो एलेक्स कैरी ने डिलीट कर दिया था अपना इंस्टाग्राम

**नई दिल्ली, 31 अगस्त**

एशेज सीरीज 2023 में कई विवादास्पद क्षण थे, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा एलेक्स कैरी के जॉनी बेयरस्टो को आउट करने की हुई। हालात इतने खराब हो गए कि कैरी को इंस्टाग्राम पर अंग्रेजी प्रशंसकों से ऑनलाइन दुर्व्यवहार मिलना शुरू हो गया था।

कैरी ने फॉक्स स्पोर्ट्स से ऑनलाइन दुर्व्यवहार के बारे में बात करते हुए कहा कि उन्होंने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया, लेकिन चीजें इतनी खराब हो गई कि उन्हें अपनी इंस्टाग्राम आईडी एक हफ्ते के लिए डिलीट करनी पड़ी।

कैरी ने कहा, बहुत सारी भद्दे कमेंट थे जो मेरे और मेरे परिवार पर की गई। इसलिए, घटना के बाद यह काफी आक्रामक था और मेरे लिए कुछ नया भी। हम खिलाड़ियों के लिए इन्हें प्राप्त करना कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस अवसर पर यह कुछ ज्यादा था।

उन्होंने आगे कहा, मैंने वास्तव में इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया, मुझे ऐसा करने की ज़रूरत नहीं थी। मेरे पास बहुत से लोग थे जो इसे देख रहे थे और इसकी निगरानी कर रहे थे। आपको वास्तव में उन्हें देखने की जरूरत नहीं है। बहुत कमेंट डिलीट कर दिए गए। कंगारू बल्लेबाज के मुताबिक उनके परिवार वालों के खिलाफ भी ऐसी ही अभद्र भाषा का उपयोग किया गया। एलेक्स ने बताया कि जब उनकी पत्नी सोशल मीडिया पर ऑनलाइन आती, तो उनके साथ दुर्व्यहार किया जाता था।

यह घटना एशेज टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में घटी जब बेयरस्टो को कैरी ने विकेट के पीछे से रन आउट कर दिया क्योंकि वह शॉर्ट-पिच गेंद से बचने के बाद समय से पहले चले गए। क्रिकेट फैंस जल्द ही इस घटना पर भड़क गए और अपनी निराशा व्यक्त की। हालांकि, कुछ पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी सोशल मीडिया पर कैरी के समर्थन में आ गए।

कैरी ने घटना को सही ठहराया और कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया। लेकिन उसके 24 घंटे या 48 घंटे बाद, चीजें शांत हो जाती हैं और आप समझते हैं कि आपने कुछ भी गलत नहीं किया है और कुछ भी नहीं बदलता है। मैंने वास्तव में लगभग एक सप्ताह के लिए इंस्टाग्राम को हटा दिया और बस फोन रख दिया और परिवार के साथ मौजूद रहने पर ध्यान केंद्रित किया।





# श्रीलंका की जीत से शुरुआत

## पहले मैच में बांग्लादेश को पांच विकेट से दी मात

### चरिता असलंका (62 नाबाद) और सदीरा समरविक्रमा (54) के धैर्यवान अर्धशतक

### मथीशा पथिराना की शानदार गेंदबाजी, चार विकेट चटकाये

**पालेकेले, 31 अगस्त**

श्रीलंका ने मथीशा पथिराना (32/4) और महीश तीक्षणा की शानदार गेंदबाजी के बाद चरिता असलंका (62 नाबाद) और सदीरा समरविक्रमा (54) के धैर्यवान अर्धशतकों की बदौलत गुरुवार को बांग्लादेश पर पांच विकेट की दमदार जीत के साथ एशिया कप का विजयी आगाज़ किया।

बांग्लादेश ग्रुप-बी मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 42.2 ओवर में 164 रन पर ऑलआउट हो गया। श्रीलंका ने 165 रन का लक्ष्य पांच विकेट गंवाकर 39 ओवर में हासिल कर लिया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन पालेकेले स्टेडियम की धीमी पिच पर रफ्तार नहीं पकड़ सकी। तीक्षणा ने दूसरे ही ओवर में तंज़ीद हसन को शून्य रन पर आउट कर मैच की दिशा निर्धारित की, जबकि धनन्जय डी सिल्वा ने पावरप्ले खत्म होने से पहले मोहम्मद नईम (16) को पवेलियन लौटा दिया।

एक छोर से बांग्लादेश के बल्लेबाज छोटे स्कोरों पर आउट होते रहे, हालांकि नजमुल हसन शान्तो (89) ने दूसरा छोर संभाले रखा। एक समय पर युवा बल्लेबाज तौहीद हृदॉय ने शान्तो के साथ 59 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला भी, लेकिन दसुन शनाका की गेंद पर उनके आउट होते ही विकेटों का नियमित पतन शुरू हो गया। हृदॉय ने 41 गेंद पर 20 रन बनाये, जबकि शान्तो 122 गेंद पर 89 रन बनाकर बंगलादेश के आठवें विकेट के रूप में आउट हुए।

शान्तो को तीक्षणा ने आउट किया, जबकि पथिराना ने दो रन के अंदर बचे हुए दो विकेट लेकर बंगलादेश की पारी समाप्त की। पथिराना ने 7.4 ओवर में 32 रन देकर चार विकेट लिये, जबकि तीक्षणा ने आठ ओवर में 19 रन देकर दो सफलताएं हासिल कीं। धनन्जय, डुनिथ वेलालगे और शनाका को एक-एक विकेट हासिल हुआ। श्रीलंकाई टीम जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो तस्कीन अहमद ने डिमुथ करुणारत्ने को एक रन पर आउट कर मेज़बान टीम को झटका दिया, जबकि शोरिफुल इस्लाम ने पथुम निसंका का विकेट निकाला। इसके बाद हालांकि श्रीलंका को लक्ष्य की ओर बढ़ने में बड़ी मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ा। पहले पावरप्ले के आखिरी ओवर में कुसल मेंडिस (पांच रन) के आउट होने के बाद समरविक्रमा ने असलंका के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिये 78 रन की साझेदारी की। समरविक्रमा 77 गेंद पर छह चौकों की मदद से 54 रन बनाकर आउट हुए, जबकि असलंका ने 85 गेंद पर अपना अनुशासनपूर्ण अर्धशतक पूरा किया। असलंका ने पचासा पूरा होने के बाद 38वें ओवर में मेहदी हसन को मैच का पहला छक्का जड़ा। अगले ओवर की आखिरी गेंद पर असलंका ने लॉन्ग लेग पर चौका जड़कर श्रीलंका को लक्ष्य के पार पहुंचाया। बांग्लादेश का अगला मुकाबला रविवार को अफगानिस्तान से होगा, जबकि श्रीलंका और अफगानिस्तान पांच सितंबर को एक-दूसरे से भिड़ेंगे।

### स्कोर कार्ड

| बांग्लादेश पारी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| मोहम्मद नईम का निसांका बो धनंजय | 16 | 23 | 03 | 00 |
| तंजीद हसन पगबधा बो तीक्षणा | 00 | 00 | 02 | 00 |
| नजमुल हुसैन शंटो बो तीक्षणा | 89 | 122 | 07 | 00 |
| शाकिब अल हसन का मेंडिस बो पथिराना | 05 | 11 | 01 | 00 |
| तौहीद हृदय पगबाधा बो शनाका | 20 | 41 | 00 | 00 |
| मुशफिकुर रहीम का करूणारत्ने बो पथिराना | 13 | 22 | 01 | 00 |
| मेहदी हसन मिराज रन आउट | 05 | 11 | 00 | 00 |
| मेहदी हसन बो वेलालागे | 06 | 16 | 00 | 00 |
| तास्किन अहमद का तीक्षणा बो पथिराना | 00 | 02 | 00 | 00 |
| शरीफुल इस्लाम नाबाद | 02 | 05 | 00 | 00 |
| मुस्तफिजुर रहमान बो पथिराना | 00 | 02 | 00 | 00 |

अतिरिक्त : 08

कुल : 42.4 ओवर में सभी विकेट खोकर : 164 रन

विकेट पतन : 1-4, 2-25, 3-36, 4-95, 5-127, 6-141, 7-162, 8-162, 9-164

| गेंदबाजी : | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| रजिता | 07 | 02 | 09 | 00 |
| तीक्षणा | 08 | 01 | 19 | 02 |
| धनंजय | 10 | 00 | 35 | 01 |
| पथिराना | 7.4 | 00 | 32 | 04 |
| वेलालागे | 07 | 00 | 30 | 01 |
| शनाका | 03 | 00 | 16 | 01 |

| श्रीलंका पारी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| पाथुम निसांका का मुशफिकुर बो शरीफुल | 14 | 13 | 01 | 00 |
| दिमुथ करूणारत्ने बो तास्किन | 01 | 03 | 00 | 00 |
| कुसाल मेंडिस बो शाकिब | 05 | 21 | 01 | 00 |
| सदीरा समरविक्रम का मुशफिकुर बो मेहदी हसन | 54 | 77 | 06 | 00 |
| चरित असलंका नाबाद | 62 | 92 | 05 | 01 |
| धनंजय डिसिल्वा बो शाकिब | 02 | 07 | 00 | 00 |
| दासुन शनाका नाबाद | 14 | 21 | 01 | 00 |

अतिरिक्त : 13

कुल : 39 ओवर में पांच विकेट पर : 165 रन

विकेट पतन : 1-13, 2-15, 3-43, 4-129, 5-128

| गेंदबाजी : | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| तास्किन | 07 | 01 | 34 | 01 |
| शरीफुल | 4 | 00 | 23 | 01 |
| शाकिब | 10 | 02 | 29 | 02 |
| मुस्ताफिजुर | 03 | 00 | 12 | 00 |
| मेहदी हसन मिराज | 05 | 00 | 26 | 00 |
| मेहदी हसन | 10 | 00 | 35 | 01 |

## हमने पर्याप्त रन नहीं बनाए : शाकिब अल हसन

**पाल्लेकल, 31 अगस्त**

बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट की हार के बाद स्वीकार किया कि उनकी टीम ने पर्याप्त रन नहीं बनाए। बांग्लादेश के 165 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने चरित असलंका (नाबाद 65 रन, 92 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) और समरविक्रम (54 रन, 77 गेंद, छह चौके) के बीच चौथे विकेट की 78 रन की साझेदारी की बदौलत 11 ओवर शेष रहते पांच विकेट पर 165 रन बनाकर जीत दर्ज की। कप्तान दासुन शनाका 14 रन बनाकर नाबाद रहे।

बांग्लादेश की टीम नजमुल हुसैन शंटो (89) के अर्धशतक के बावजूद तेज गेंदबाज पथिराना (32 रन पर चार विकेट) और ऑफ स्पिनर महेश तीक्षणा (19 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 42.4 ओवर में 164 रन पर सिमट गई। शाकिब ने मैच के बाद कहा, ''हां, यह 300 रन का विकेट नहीं था लेकिन हमें मैच में बने रहने के लिए 220 से 230 रन की जरूरत थी।''

शाकिब ने साथ ही स्वीकार किया कि अनुभवी तमीम इकबाल और लिटन दास की गैरमौजूदगी में उन पर बल्लेबाजी में अधिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा, '' हां अधिक जिम्मेदारी है (तमीम और लिटन की गैरमौजूदगी में), मैं यह नहीं कर सका लेकिन बल्लेबाजी में हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमारे सामने बड़ा मुकाबला है।'' शाकिब ने कहा, ''जब उनका स्कोर 30 (43 रन) रन पर तीन विकेट था तो हमें पता था कि हमें कुछ और विकेट की जरूरत है लेकिन दुर्भाग्य से हमें वे नहीं मिले। गेंदबाज और स्पिनर लंबे समय से अपना काम कर रहे हैं लेकिन पर्याप्त रन नहीं बन रहे हैं।''

श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने कहा कि उन्हें लगता है कि बांग्लादेश ने जितने रन बनाए यह उससे बेहतर पिच थी। शनाका ने कहा, ''हमने सोचा कि यह बांग्लादेश द्वारा बनाए गए स्कोर से बेहतर पिच है। गेंदबाज उम्मीद पर खरे उतरे।'' उन्होंने कहा, ''लंका प्रीमियर लीग में इन



विकेटों का इस्तेमाल किया गया इसलिए हम इनसे अच्छी तरह वाकिफ हैं।'' शनाका ने मुश्किल पिच पर टीम को जीत दिलाने का श्रेय समरविक्रम और असलंका को दिया। उन्होंने कहा, ''मुश्किल पिच पर सदीरा ने जिस तरह क्षेत्ररक्षण किया, यह उसका दिन था। असलंका श्रीलंका क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है।''

## श्रीलंका पहुंचीं पाकिस्तान और नेपाल की टीमें



एशिया कप क्रिकेट के तीसरे और 5वें मुकाबले के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम और नेपाल क्रिकेट टीम श्रीलंका पहुंच चुकी हैं। दोनों ही टीमों की भिड़ंत भारतीय क्रिकेट टीम से होगी। भारत और पाकिस्तान के बीच 2 सितंबर को और भारत-नेपाल के बीच 4 सितंबर को मुकाबला होगा। दोनों ही मुकाबले पालेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। हालांकि, श्रीलंका में हो रही बारिश इन मुकाबलों में खलल डाल सकती है।

### भारत-पाकिस्तान के बीच खेले गए 132 वनडे

भारतीय क्रिकेट टीम और पाकिस्तान के बीच 132 वनडे खेले गए हैं। इसमें भारत ने जहां 55 तो पाकिस्तान ने 73 मैच जीते हैं। इसके अलावा 4 मुकाबले बेनतीजा भी रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूट्रल वेन्यू (दोनों देशों के घरेलू मैदान के अलावा) पर अब तक 75 वनडे मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से भारतीय टीम ने जहां 33 मैच जीते हैं, वहीं पाकिस्तान ने 40 में विजय प्राप्त की। इसके अलावा 2 मुकाबले बेनतीजा रहे हैं।

### पहली बार होगा भारत-नेपाल का मुकाबला

नेपाल क्रिकेट टीम पहली बार एशिया कप खेल रही है। सोमवार को होने वाले मुकाबले में उनका पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम से सामना होगा। दोनों टीमों के बीच किसी भी प्रारूप में अब तक कोई भी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं खेला गया है।

### एशिया कप में तीन बार भिड़ सकती है भारत और पाकिस्तान

एशिया कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच हमें तीन मुकाबले देखने को मिल सकते हैं। एक ओर जहां टीम इंडिया और पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में 02 सितंबर को मैच खेलना है, वहीं अगर इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए की अंक तालिका में टॉप 2 पर फिनिश किया तो सुपर 4 में दूसरी बार भारत और पाकिस्तान का मैच खेला जाएगा। इन दोनों ही टीमों का सुपर 4 के लिए क्वालीफाई करना लगभग तय ही माना जा रहा है। वहीं सुपर 4 में भी अगर ये दोनों टीमों ने टॉप 2 में फिनिश किया तो हमें फाइनल में भारत बनाम पाकिस्तान का मैच देखने को मिल सकता है।

## कोच बिलाल ने कहा-मलिंगा के एक्शन की नकल नहीं करते पथिराना

**पालेकल।** मथीशा पथिराना का स्लिंग शॉट गेंदबाजी एक्शन लसिथ मलिंका की याद दिलाता है लेकिन उनके बचपन के कोच बिलाल फासी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी इस तरह की गेंदबाजी शैली स्वाभाविक है।

मलिंगा जैसे एक्शन की वजह से पथिराना को श्रीलंका में पॉडी (लिटिल) मलिंगा और चेन्नई सुपर किंग्स टीम में बेबी मलिंगा बुलाते हैं।

फासी ने कहा कि उसके एक्शन को देखकर कई लोगों को लगता है कि उसने मलिंगा की नकल की है। पथिराना ने मलिंगा के मार्गदर्शन में अभ्यास भी किया है। लेकिन वह पहले ही दिन मेरे पास आया तो उसका एक्शन ऐसा ही था। हमने बस इस पर काम किया है।

उन्होंने कहा कि वह स्वाभाविक तौर पर तेज गेंदबाज है। उसे रफ्तार के लिये काफी प्रयास नहीं करने पड़ते। वह काफी सटीक गेंदबाज है। इसके अलावा उसके यॉर्कर भी बहुत सटीक पड़ते हैं जिससे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज भी परेशान हो जाते हैं। फासी ने कहा कि उस पर अपेक्षाओं का अधिक दबाव डालना सही नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि उसके पास प्रतिभा है और उसका भविष्य बहुत उज्जवल है लेकिन अभी से उसकी तुलना मलिंगा या चमिंडा वास जैसे लीजैंड से करना सही नहीं है। उसे अपने हुनर पर काम करने दीजिये। हमें इस साल और अगले साल भी विश्व कप खेलना है और वह श्रीलंका के लिये काफी महत्वपूर्ण है।

चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच दक्षिण अफ्रीका के एरिक सिमंस ने कहा कि मैं पिछले दो आईपीएल सत्र में पथिराना के साथ काम कर चुका हूं। उसमें गजब का सुधार आया है। वह तेजी से सीख रहा है। उन्होने कहा कि उसने कुछ समय पहले ही शीर्ष स्तर पर खेलना शुरू किया है। टी20 क्रिकेट में डैथ ओवरों में उसने शानदार गेंदबाजी की है। मेरा मानना है कि वह श्रीलंका और सीएसके के लिये लंबे समय तक खेलेगा।



विकेट चटकाने के बाद मथीशा पथिराना को बधाई देते साथी खिलाड़ी।